00000

नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी गई है। राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेन्सी–एनटीए ने निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था को लेकर ये निर्णय किया। 3 मई को हुई इस परीक्षा को लेकर पेपर लीक की आशंका है। एनटीए की ओर से ट्वीट में कहा गया है कि एजेन्सी को मिले इनपुट के आधार पर यह साफ हो गया है कि इस परीक्षा प्रक्रिया को जारी रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती। मामले की जांच सीबीआई से करवायी जायेगी। एनटीए जांच के लिए सीबीआई को सभी रिकॉर्ड और दस्तावेज सौपेगी। राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने भी नीट परीक्षा से जुडे कई खुलासे किये थे। उन्होंने बताया कि नीट परीक्षा से पहले एक गैस पेपर अभ्यर्थियों के बीच सर्कुलेट हो रहा था। एनटीए की ओर से जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का एलान किया जायेगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।

00000

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस है। आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय **हमारी नर्सें, हमारा भविष्य** रखी गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में 15 नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। उन्हें ये पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए गए। वहीं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नर्सों को देश की स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ बताया।
उन्होंने कहा कि नर्सें देश की स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करती हैं और राष्ट्रीय प्रगति को गति प्रदान करती हैं। प्रदेश में भी नर्स दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम हो रहे है। भीलवाडा के महात्मा गांधी अस्पताल में सेवाभावी नर्सिंगकर्मियों का सम्मान समारोह रखा गया है।

00000

भाजपा नेता हिमंता बिस्वा सरमा ने आज असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री सरमा लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बने है। गुवाहाटी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हुए। गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस अवसर पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार से पांच देशों की यात्रा पर रवाना होंगे। पहले चरण में वे शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात पहुंचेंगे और राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नह्यान से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे। विशेष रूप से ऊर्जा सहयोग तथा परस्पर हित के क्षेत्रीय और अंतराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री नीदरलैंड्स पहुंचेंगे। बाद में स्वीडन, नार्वे और इटली की यात्रा पर रहेंगे।

00000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का 14 मई को जोधपुर आने का कार्यक्रम है। वे पूर्व उपराष्ट्रपति और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ये कार्यक्रम रातानाडा सर्कल पर आयोजित किया जायेगा। रक्षामंत्री का इससे पहले मेडता के संस्थापक राव दूदा राठौड की मूर्ति के अनावरण का भी कार्यक्रम है।

00000

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत कल कोटा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। सियाम सभागार में हुई इस कार्यशाला में पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने भी शिरकत की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री दिलावर ने कहा कि हमे अपने प्राकृतिक संसाधनों, जल संरचनाओं, कुओं बावडियों और पानी के स्त्रोतों को बचाना होगा। इस मौके पर उन्होंने जल ग्रहण विकास प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

00000

भीलवाडा जिले में अवैध बजरी खनन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि इसके तहत पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध बजरी खनन में लगे 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 42 वाहन भी जब्त किये गये है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

00000

राज्य में मौसम के कल दो अलग–अलग रूप देखने को मिले। एक ओर पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहा। वहीं दूसरी और उत्तरी राजस्थान में कई स्थानों पर आंधी, बारिश का दौर चला। बाडमेर में दिन का पारा 47 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस मापा गया। इसके साथ ही बाडमेर लगातार दूसरे दिन भी देश का सबसे गर्म स्थान बना रहा। जोधपुर बीकानेर और फलोदी में झुलसाने वाली गर्मी रही। उधर

श्रीगंगानगर और हनुमानगढ सहित कई इलाकों में आंधी और गरज के साथ बरसात हुई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पाकिस्तान की ओर से आ रही गर्म हवाओं ने पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप बढा दिया है। इनसे हीटवेव भी लगातार बढ रही है। मौसम विभाग ने जैसलमेर, बाडमेर और जोधपुर में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट बताया है। वहीं जयपुर, भरतपुर, अलवर और सीकर सहित कुछ अन्य जिलों में आंधी बरसात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी जयपुर में भी अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री के पास पंहुच गया। तेज धूप और उमस के कारण लोग बेहाल रहे।

0000